कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 02/2025 **दिनांक 10/02/2025**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 09.02.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 09.02.2025 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मय टीम द्वारा माननीय न्यायालय न्यायिक दण्डाधिकारी कक्ष सं0 06 गाजीपुर द्वारा जारी एनबीडब्ल्यु फौ0मु0नं0 5678/12 राजकुमार बनाम इस्लाम से सम्बन्धित वारण्टी संतोष कुमार पुत्र समहुत निवासी मोहल्ला गोराबाजार (ब्रह्मस्थान) थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1. संतोष कुमार पुत्र समहुत निवासी मोहल्ला गोराबाजार (ब्रह्मस्थान) थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर

02. थाना कासिमाबाद पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 321/24 धारा 64(1)/123/316(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 09.02.2025 उ0नि0 लौहर यादव थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर मय टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 321/24 धारा 64(1)/123/316(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त ओमकार राजभर पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम मडई थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 25 वर्ष को तहसील कासिमाबाद चौराहे के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः –

1 .ओमकार राजभर पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम मडई थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 25 वर्ष।

अपराधिक इतिहासः-

1 .मु0अ0सं0 321/24 धारा 64(1)/123/316(2) बीएनएस. थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर।

03.थाना नोनहरा पुलिस टीम द्वारा चोरी के 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। कब्जे से 02 अदद डी0जे0 मशीन बरामद।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 09.02.2025 को उ0नि0 श्री अश्वनी प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा मु0अ0स0 37/2025 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर से संबंधित चोरी हुए डी0जे0/ साउण्ड की मशीन की बरामदगी हेतु क्षेत्र में मामूर थे कि जरिये मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अखिलेश बिन्द पुत्र रामवृक्ष बिन्द निवासी ग्राम गोरयाँ पारा थाना बिरनो जनपद गाजीपुर को हरदिया ईंट भट्ठे के पास से मय चोरी किये गए 02 अदद डी0जे0 /साउण्ड की मशीन के साथ गिरफ्तार कर व अभियुक्त अखिलेश बिन्द उपरोक्त के निशानेदही पर चोरी में शामिल सह अभियुक्त योगेश कुमार बिन्द पुत्र राम प्रताप बिन्द निवासी ग्राम गोरयाँ पारा थाना बिरनो जनपद गाजीपुर को नोनहरा कस्बे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता–

1. अखिलेश बिन्द पुत्र रामवृक्ष बिन्द निवासी ग्राम गोरयाँ पारा थाना बिरनो जनपद गाजीपुर उम्र 32 वर्ष
2. योगेश कुमार बिन्द पुत्र राम प्रताप बिन्द निवासी ग्राम गोरयाँ पारा थाना बिरनो जनपद गाजीपुर उम्र 25 वर्ष

अपराधिक इतिहास-

मु0अ0स0 37/2025 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना नोनहरा

बरामदगी-

चोरी की 02 अदद डी0जे0/साउण्ड की मशीन

04. थाना गहमर पुलिस द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर सरकारी धन का लाभ लेने वाली 01 नफर अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरण- अभियुक्ता द्वारा अपने पति का मृतक होने का प्रमाण पत्र तैयार कराकर सरकार से जान बूझ कर नजायज लाभ लेने के लिए वर्ष 2021 से विधवा पेंशन लेना जिससे शासकीय धन की क्षति होना।
अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत उ0नि0 कौशलेश कुमार मिश्र मय हमराह म0आ0 शालिनी पटेल द्वारा अभियुक्ता के घर ग्राम मनिया थाना गहमर जनपद गाजीपुर से अभियुक्ता तारा देवी पत्नी रामऔतार उम्र लगभग 48 वर्ष निवासी ग्राम मनियां, थाना गहमर, जिला गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया जिनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 199/2024 धारा 419,420,467,468,471 आईपीसी का अभियोग पंजीकृत था। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम व पता– 1. तारा देवी पत्नी रामऔतार निवासी ग्राम मनियां, थाना गहमर, जिला गाजीपुर उम्र लगभग 48 वर्ष

अपराधिक इतिहास— मु0अ0सं0 199/2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि थाना गहमर जनपद गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर